तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025



11 रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा का मार्मिक दृश्य देख ...



12 58वीं हरियाणा राज्यस्तरीय खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ...




## खबर संक्षेप



### आत्मानंद महाराज जयंती आज, तैयारियां पूरी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एक अक्टूबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के रोहतक में स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक स्वामी आत्मानंद महाराज की जयंती समारोह के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री इस जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सचिन गुप्ता स्थानीय रूपया चौक पर सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, एएसपी प्रतीक अग्रावल, उपमंडलाधीश आशीष कुमार के साथ समारोह स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

### पीजीआई में एनीमिया जांच अभियान आज

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को एनीमिया जांच अभियान चलाया जाएगा। डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ने बताया कि यह सेवा पखवाड़ा महिलाओं के स्वास्थ्य के मध्य नजर रखते हुए मनाया जा रहा है, इसी को देखते हुए डेंटल कॉलेज की बेटियों के लिए भी पीजीआईडीएस में बुधवार को पैथोलॉजी विभाग के साथ मिलकर एक एनीमिया जांच शिविर लगाया जाएगा।

### एक्टिवा चोरी के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने एक्टिवा चोरी की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। शहर थाना प्रभारी रमेश ने बताया कि माता दरवाजा निवासी अशोक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 22 सितंबर को अशोक ने अपनी एक्टिवा को जींद बाईपास चौक के नजदीक खड़ी की हुई थी।

### बाइक चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गांव बालंद निवासी मंगत की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 26 मई को अपनी मोटरसाइकिल को बस स्टैंड के पास बनी पार्किंग में खड़ा कर चला गया।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रोहतक।** सामुदायिक चिकित्सा विभाग, पीजीआईएमईएस के सौजन्य से शिव पार्क, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम कुमार के नेतृत्व में विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. मीनाक्षी कल्हण, डॉ. विनोद चायल, डॉ. अनुज जांगड़ा, डॉ. विनय , डॉ. मनोज सैनी एवं डॉ. सीमा वर्मा द्वारा किया गया।

### घिलौड़ कला में धूप समारोह आज

रोहतक। गांव घिलौड़ कलां में 1 अक्टूबर को शिव मंदिर में धूप समारोह का आयोजन किया जाएगा। सीरी देशवाल ने बताया कि प्रोग्राम की मुख्य अतिथि जिला परिषद की चेयरमैन मंजू हुड्डा होंगी। शाम को चार बजे होने इस कार्यक्रम में ब्लॉक समिति अध्यक्ष खुशी राम हुड्डा, जिला परिषद के वार्ड नंबर 12 की पार्षद सुमन देशवाल, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश घिलौड़ प्रोग्राम में मौजूद रहेंगे।

---

**यात्रियों के लिए अच्छी खबर: कुल 664 किलोमीटर दूरी लगभग 15 घंटे में तय होगी और 890 रुपये रखा गया किराया**

# रोहतक से लखनऊ के लिए पहली सीधी रोडवेज बस, अब सफर होगा आसान

### रोजाना सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर रोहतक से रवाना होगी बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेशवासियों के लिए बड़ी सुविधा जुड़ गई है। अब लखनऊ जाने के लिए दिल्ली या अन्य शहरों से बस बदलने की परेशानी खत्म हो गई है। हरियाणा रोडवेज ने नई सीधी बस सेवा शुरू की है जो रोहतक से सीधे लखनऊ तक जाएगी। यह बस दिल्ली डिपो से संचालित होगी और रोजाना सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर रोहतक से रवाना होकर लगभग 15 घंटे का सफर तय करते हुए रात साढ़े आठ बजे लखनऊ पहुंचेगी।




#### बहादुरगढ़-पलवल होते हुए यूपी में प्रवेश करेगी

इस यात्रा में कुल 664 किलोमीटर दूरी तय होगी और इसके लिए 890 रुपये किराया रखा गया है। यह सेवा खासतौर पर उन यात्रियों के लिए राहत भरी है जो पहले दिल्ली होकर लखनऊ पहुंचते थे। अब उन्हें सीधे रोहतक से ही बस मिल जाएगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। बस का रूट इस तरह बनाया गया है कि रास्ते में कई बड़े शहर भी शामिल हो गए हैं। रोहतक से रवाना होने के बाद यह बस बहादुरगढ़, गुरुग्राम, सोहना और पलवल होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। मथुरा और आगरा में रुकने के बाद यह फीरोजाबाद, इटावा और औरैया पहुंचकर कानपुर से होकर अंत में लखनऊ पहुंचेगी। इस तरह यह सेवा न केवल रोहतक बल्कि अन्य जिलों के यात्रियों के लिए भी सुविधाजनक साबित होगी।

#### किराया और समय सारणी

पूरी यात्रा का किराया 890 रुपये तय किया गया है। 664 किलोमीटर के इस लंबे सफर के लिए यह राशि यात्रियों के लिए किफायती मानी जा रही है। विभिन्न पड़ावों तक का किराया भी स्पष्ट कर दिया गया है। उदाहरण के तौर पर रोहतक से बहादुरगढ़ तक 55 रुपये, गुरुग्राम तक 87 रुपये, सोहना तक 117 रुपये, मथुरा तक 277 रुपये और आगरा तक 356 रुपये खर्च आएगा।

#### आलमबाग से सुबह 6.30 मिनट पर चलेगी

लखनऊ से बस की वापसी का समय भी तय कर दिया गया है। यह रोजाना सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर आलमबाग बस स्टैंड से चलेगी और उसी मार्ग से वापस रोहतक पहुंचेगी। इस नियमित सेवा से अब रोहतक और आसपास के जिलों के यात्रियों को लखनऊ की यात्रा आसान और सुगम हो जाएगी।

---

**अलर्ट : त्योहारों को लेकर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

# ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी, हर चौक-चौराहे पर पुलिस की तैनाती

### दशहरे पर सुरक्षा के लिए एक हजार जवान तैनात

*दशहरे पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े स्तर पर मेले, रामलीला मंचन और रावण दहन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे आयोजनों में हजारों की भीड़ उमड़ती है। अनहोनी से बचने के लिए पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शारदीय नवरात्रि के समापन और विजयदशमी पर्व (दशहरा) को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई है। दशहरे पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े स्तर पर मेले, रामलीला मंचन और रावण दहन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे आयोजनों में हजारों की भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। एहतियात के लिए एक हजार जवानों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर थाना और चौकी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में सख्त निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारी भी निरंतर गश्त में रहेंगे और हालात पर नियंत्रण बनाए रखेंगे।




रोहतक। स्कूटी की जांच करते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### पुलिस की तैयारी पूरी

जिला पुलिस और प्रशासन ने दशहरा पर्व को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं तक हर पहलू पर बारीकी से काम किया गया है। श्रद्धालुओं को निश्चिंत होकर त्योहार का आनंद लेना चाहिए और प्रशासन को सहयोग देना चाहिए। **-नरेंद्र बिजारणिया,** एसपी, रोहतक

#### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

भीड़भाड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी अपने दल तैनात किए हैं। प्रमुख स्थलों पर एंबुलेंस खड़ी रहेगी। दमकल विभाग ने भी अपनी गाड़ियों को अलर्ट कर दिया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

#### नाकाबंदी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

पुलिस ने बताया कि विजयदशमी के दिन शाम 5 बजे से लेकर रावण दहन कार्यक्रम समाप्त होने तक ओल्ड आईटीआई ग्राउंड की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर विशेष नाकाबंदी की जाएगी। इस दौरान केवल पैदल यात्री और दोपहिया वाहन सवारों को ही नाकों से गुजरने की अनुमति होगी, जबकि चारपहिया और बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा।

#### पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था

प्रशासन ने इस बार वाहन पार्किंग के लिए अलग से स्थान चिन्हित किए हैं। नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने वाहन मदन लाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र के पीछे खाली मैदान में बनी पार्किंग में ही खड़े करें। नो पार्किंग जोन या सड़क पर वाहन खड़े करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में क्रेन की विशेष ड्यूटी लगाई गई है ताकि नियम तोड़ने वालों के वाहनों को मौके पर ही उठाया जा सके।

#### नियंत्रण कक्ष में एक टीम 24 घंटे मॉनिटरिंग

सुरक्षा के मद्देनजर इस बार आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। शहर के प्रमुख दशहरा स्थलों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा ट्रैफिक रूट और रामलीला मैदानों के पास लगे सीसीटीवी कैमरों से हालात पर लगातार नजर रखी जाएगी। नियंत्रण कक्ष में एक टीम 24 घंटे मॉनिटरिंग करेगी।

---



### मौसम ने ली करवट, गर्मी से राहत

# सांपला 30, कलानौर 25, रोहतक 2 और महम में 1 एमएम बरसात

***बरसात की वजह से दिन के तापमान में भी 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

20 सितंबर को मानसून की विदाई के बाद से कई दिन तक पसीने वाली गर्मी से लोग परेशान रहे। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा पिछले दिनों जारी किए गए पूर्वानुमान के मुताबिक मंगलवार सुबह मौसम में बदलाव आया।

जिले में कहीं थोड़ी सी ज्यादा हुई बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। प्रशासन की तरफ से शाम को जारी किए रुटिन बुलेटिन में बताया गया है कि सांपला खंड में सबसे ज्यादा 30 , कलानौर में 25, रोहतक में 2 और महम में 1 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि लाखनमाजरा में बारिश नहीं हुई। बरसात की वजह से दिन के तापमान में भी 3 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। सोमवार को जहां अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस था, वहीं मंगलवार दोपहर को अढ़ाई से तीन बजे के बीच 32-33 डिग्री रहा। आईएमडी चंडीगढ़ का कहना है कि एक अक्टूबर से मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा। अब गर्मी भी कम होने की उम्मीद आईएमडी ने लगाई है। बताया गया है कि कई दिन से चल रही पूर्वाओं की दिशा बुधवार से उत्तर-पश्चिमी हो जाएगी। जिससे दिन-रात के तापमान में आंशिक गिरावट होगी।

#### सड़क पर भरा पानी

सांपला। इलाके में मंगलवार की दोपहर को इलाके में तेज हवा के साथ बारिश हुई। कस्बे की सड़कों पर भी पानी भर गया। मानसून की विदाई के बाद मंगलवार को मौसम ने करवट ली। सुबह गर्मी रही और आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर को तेज हवा के साथ बारिश हुई। बारिश से कस्बे की सड़कों पर पानी भर गया।

---

## रोडवेज बस चालक शराब तस्करी में काबू

**बस के टूल बॉक्स से अवैध शराब बरामद**

**रोहतक।** सदर थाना पुलिस ने यातायात प्रबंधक उड़न दस्ता सोनीपत की टीम की शिकायत पर हरियाणा रोडवेज बस चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब टीम ने चंडीगढ़ से झज्जर जा रही रोडवेज की बस नंबर एचआर 63 जीवी 9339 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बस के टूल बॉक्स से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। उड़न दस्ता टीम के उपनिरीक्षक श्रवण कुमार और बिजेंदर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें पुख्ता जानकारी मिली थी कि चालक वीरेंद्र निवासी गांव दुबल्थन, जिला झज्जर अपनी ड्यूटी के साथ-साथ शराब तस्करी का काम भी करता है। इसी सूचना के आधार पर बस को रोका गया और चेकिंग की गई। जांच के दौरान टूल बॉक्स से दो पेटी अंग्रेजी शराब, 23 बोतल अंग्रेजी रॉयल चैलेंज और एक बोतल आईकॉनिक व्हाइट शराब बरामद की गई।

### मतदाता सूची की एक्सेल शीट तैयार की जाएगी: डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची के गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मतदाता सूची वर्ष 2002 एवं 2024 की मतदाता सूची का मिलान किया गया है। मिलान के दौरान दोनों सूचियों में मिलने वाली मतदाताओं की सूची एक्सेल शीट (सॉफ्ट कॉपी) में तैयार की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि यह कार्य तिथिबद्ध होने के कारण समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

## धामड़ के पास नहर से छात्र का शव बरामद

**हत्या की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गांव धामड़ के पास भालोठ ब्रांच नहर में एक किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ऋषभ (15) पुत्र पवन, निवासी किलोई दोपना के रूप में हुई है। ऋषभ 12वीं कक्षा का छात्र था और बीती शाम से लापता था। परिजनों ने बताया कि ऋषभ के साथ उसका रिश्तेदार रौनक भी घर से निकला था। दोनों चाचा-ताऊ के बेटे हैं। रौनक का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों का कहना है कि दोनों की गुमशुदगी को लेकर न तो कोई दरखास्त दी गई थी और न ही मुकदमा दर्ज हुआ था। ऋषभ के दादा सत्यवीर ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पोते की हत्या की गई है। उन्होंने दावा किया कि शव की गर्दन पर चोट के स्पष्ट निशान पाए गए हैं।

---



### अच्छे कर्मचारियों का अनुसरण कर करें अपना कार्य: कुलपति डॉ. अग्रवाल

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में मंगलवार को सेवानिवृत हुईं सुपरिटेंडेंट शशि भाटिया को स्वर्ण जयंती सभागार में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की तरफ से विदाई पार्टी दी गई। कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने कर्मचारियों की तरफ से शशि भाटिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंच का संचालन सुपरिटेंडेंट जयभगवान शर्मा ने किया। कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने कहा कि वें शशि भाटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल मे नौकरी करने के चलते कर्मचारी परिवार को बहुत कम समय दे पाए होंगे, ऐसे मे सेवानिवृति के बाद परिवार के साथ ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं। कुलसचिव डॉ. रूपसिंह ने कहा कि शशि भाटिया के कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की और भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव डॉ. अरुण, सेक्रेटरी संजीव कुमार, एनके मक्कड, कर्नल राजन, मेजर कोमल, ईशा, युवराज, कियान परिवार के सदस्य व दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

**अच्छी पहल** **सीधी-रेखा वाली बेंचों की बजाय यू-आकार या गोलाकार व्यवस्था में बैठेंगे बच्चे**

# सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने की एक नई व्यवस्था शुरू

### *सभी छात्र शिक्षक के सामने दिखाई देंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला में सरकारी विद्यालयों की कक्षाओं को अधिक सहभागी, संवादात्मक और समावेशी बनाने की दिशा में एक अग्रणी कदम उठाते हुए जिला के सरकारी स्कूलों में बैठने की एक नई व्यवस्था शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य आगे बैठने वाले विद्यार्थियों और पीछे बैठने वाले विद्यार्थियों के बीच पारंपरिक विभाजन को खत्म करना और प्रत्येक बच्चे के लिए समान सीखने के अवसर सुनिश्चित करना है। इस अभिनव मॉडल के तहत, छात्रों को पारंपरिक सीधी-रेखा वाली बेंचों की बजाय यू-आकार या गोलाकार व्यवस्था में बैठाया जाता है। यह डिजाइन सभी छात्रों को शिक्षक के सामने सीधे बैठने की सुविधा देता है, जिससे बेहतर नेत्र संपर्क, आसान संचार और कक्षा में अधिक आकर्षक बातचीत संभव होती है।



#### पीछे बैठने का पुराना कलंक दूर होगा

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि नई व्यवस्था के अनेक लाभ होंगे, जिनके तहत प्रत्येक बच्चे को समान स्थिति में रखा जाता है, जिससे पीछे बैठने का पुराना कलंक दूर होता है, ज्यादा बेहतर शिक्षक-छात्र संपर्क के तहत शिक्षकों को कक्षा का पूरा दृश्य मिलता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी छात्र की अनदेखी न हो। ज्यादा बढ़ी हुई भागीदारी से बच्चों को अधिक आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रोत्साहन मिलता है तथा चर्चाओं में प्रतिक्रियाशील और सक्रिय भागीदारी होती है।

#### एकाग्रता-अनुशासन में काफी सुधार हुआ

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि इस नई व्यवस्था को अपनाने वाले शिक्षकों का कहना है कि इससे छात्रों की एकाग्रता और कक्षा के अनुशासन में काफी सुधार हुआ है। छात्रों ने भी कहा है कि बैठने की यह व्यवस्था उन्हें पाठ के दौरान जयादा आत्मविश्वास, समावेश और जुड़ाव का एहसास कराती है। आगे और पीछे की बेंचों के पारंपरिक कक्षा पदानुक्रम को तोडकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक बच्चे को समान ध्यान और महत्व मिले। यह पहल रोहतक के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सचिन गुप्ता ने कहा है कि यह पहल जिले के सभी स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है।

#### बदलाव से छात्रों का प्रदर्शन बेहतर होगा

उपायुक्त के मुताबिक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं ताकि वे इस नई प्रणाली का अधिकतम लाभ उठा सकें। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस बदलाव से कक्षा में छात्रों का प्रदर्शन बेहतर होगा और उनमें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का संचार होगा। जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों को इस नए मॉडल को यथा संभव अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक बच्चे समावेशी और आकर्षक शिक्षण वातावरण का लाभ उठा सकें। इस प्रगतिशील कदम के साथ, रोहतक खुद को शैक्षिक नवाचार में अग्रणी स्थान पर स्थापित कर रहा है, यह दर्शाता है कि कैसे सरल लेकिन विचारशील बदलाव एक बच्चे की सीखने की यात्रा की नींव को मजबूत कर सकते हैं।



# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।


लाइफ Style

# हुमा अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल


**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

## टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की



पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...

*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है। दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।



# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### शहर में निकली मां भगवती की शोभायात्रा

**रोहतक।** श्री नवदुर्गा अष्टम सेवा मंडल द्वारा आयोजित मां भगवती की विशाल शोभा यात्रा एवं नवरात्र महोत्सव मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर, गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच माता रानी की भव्य सवारी का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि यह पहला अवसर था जब रोहतक में माता रानी की इतनी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महाराष्ट्र के ढोल-नगाड़ों की गूंज और खाटूश्याम की श्रृंगार झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का शुभारंभ झज्जर रोड स्थित वैश्य महिला महाविद्यालय से हुआ।

### प्रसव पूर्व जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत कबीर सत्संग भवन अर्बन हेल्थ सेंटर-3 में प्रसव पूर्व जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रोफेसर डॉ. मीना राजपूत यूनिट हेड -2 एवं प्रोफेसर डॉ. रमेश वर्मा द्वारा किया गया। अवसर पर प्रोफेसर डॉ. वरुण अरोरा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजकुमार सहित विभाग के सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट्स तथा समस्त स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर के दौरान लगभग 40 से अधिक गर्भवती महिलाएं की मुफ्त प्रसव पूर्व जांच की गई। इस अवसर पर लगभग 100 से ज्यादा लोगों की मुफ्त जांच की गई।

### श्रमिकों के लिए एक को लगेगा विशेष कैंप

**रोहतक।** जिला के सभी श्रमिकों के लिए एक अक्टूबर को लघु सचिवालय स्थित ओल्ड बिल्डिंग के प्रथम तल पर विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप के दौरान श्रमिकों की समस्याओं को सुना जाएगा। यह जानकारी सहायक श्रम आयुक्त राहुल ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग की ओर से श्रमिकों के हित के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर 9873738537 पर श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में संपर्क किया जा सकता है।

### मंचन की शुरुआत आकाश में धूमकेतु तारा छोड़कर की गई

# रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा का मार्मिक दृश्य देखकर भावुक हो गए दर्शक

- रामलीला देखने के लिए आस-पास के गांवों से उमड़ रही भीड़
- बहुरंगी रोशनी की जगमगाहट से पूरा मंच हुआ सुसज्जित

अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, समाजसेवी उद्योगपति राजेंद्र बंसल, अजय गोयल और विजय तायल ने फीता काटकर और रिमोट का बटन दबाकर किया, कलाकारों ने मंचन से सभी कार मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला में मंगलवार की रात पुरानी आईटीआई ग्राउंड, सरकुलर रोड स्थित मंच पर लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग का अद्भुत मंचन किया गया। दर्शकों से खचाखच भरे पंडाल में कलाकारों ने प्रसंग को जीवंत कर दिया और उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर इसे देखा। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, समाजसेवी उद्योगपति राजेंद्र बंसल, अजय गोयल और विजय तायल ने फीता काटकर और रिमोट का बटन दबाकर किया। इस अवसर पर उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक, प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश जैन और प्रधान सुभाष तायल भी मौजूद रहे। रामलीला मंचन की शुरुआत में आकाश में धूमकेतु तारा छोड़ा गया और बहुरंगी रोशनी की जगमगाहट से पूरा मंच आलोकित हो उठा। कलाकारों ने कथा का मंचन करते हुए दिखाया कि हनुमान लंका जलाकर लौटते हैं और भगवान राम को माता सीता का संदेश देते हैं। सीता ने निशानी स्वरूप हनुमान को अपनी चूड़ामणि दी और कहा कि रावण ने दो महीने का समय दिया है।







#### रामलीला मंचन के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान सुभाष तायल, शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, सोनू जैन, नवीन बंसल, राकेश खुराना, संदीप गुप्ता, अंकित बंसल, अजेश गुप्ता, पवन विरमानी, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपिन गोयल, गुलशन निझावन, वरुण सिंगल, अमर अरोड़ा, मनोज जिंदल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुरेंद्र बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन, शीतल, विकास दलाल, अंकित गर्ग, योगेश अरोड़ा, वरुण शर्मा, नरेश शर्मा, राजन गुप्ता, दिनेश तायल, प्रेम गर्ग, मनीष जैन, विकास कंसल, उमा गोयल, संतोष, मनोज जिंदल, आशा गर्ग आदि रहे।

#### लोकल रामलीला ग्राउंड में हुआ लंका दहन और अंगद-रावण संवाद

**रोहतक।** पुराना बस स्टैंड स्थित लोकल रामलीला ग्राउंड में चल रहे श्री प्राचानी रामलीला सोसायटी के आयोजन में मंगलवार की रात लंका दहन और अंगद-रावण संवाद का भव्य मंचन किया गया। प्रसंग के दौरान जब मंच पर लंका दहन का दृश्य हुआ तो पूरा वातावरण जय-जयकारों से गूंज उठा। रामलीला कलाकारों ने अंगद-रावण संवाद को अत्यंत सजीव ढंग से प्रस्तुत किया। अंगद ने सभा में अपना पैर जमा कर रावण को चेताया कि वह माता सीता को सम्मानपूर्वक लौटाए और भगवान श्रीराम से क्षमा मांगे। रावण के अहंकार से भरे उत्तर और अंगद के दृढ़ निश्चय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता फनींद्र नाथ, अजय बंसल, रणबीर ढाका, डॉ. आदित्य बतरा, मंजुल कुमार पालीवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



#### कन्याओं के हाथों से विकास कार्यों का शुभारंभ

**रोहतक।** दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर कायस्थन मोहल्ला में विकास कार्यों की शुरुआत धार्मिक माहौल में हुई। गली एवं नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस मौके की विशेषता रही कि शुभारंभ मोहल्ले की कन्याओं के कर-कमलों से कराया गया, जिसे लोगों ने शुभ संकेत मानते हुए सराहा। कार्यक्रम में नगर निगम पार्षद नीरा भटनागर और उनके प्रतिनिधि पूर्व पार्षद नौराताामल भटनागर मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस कार्य के पूरा होने पर स्थानीय निवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों को लंबे समय से हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। पार्षद नीरा भटनागर और नौराता मल भटनागर ने आश्वस्त किया कि कायस्थन मोहल्ले सहित पूरे वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा।

## नवनीत ने तीरंदाजी में जीता रजत पदक

- इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन, संस्थान और रोहतक का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मातू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, रोहतक के छात्र नवनीत देसवाल ने तीरंदाजी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कॉलेज, विभाग और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष (बैच 2024-28) के छात्र नवनीत देसवाल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।



#### शिक्षकों ने भी नवनीत को इस सफलता पर बधाई दी

प्रतियोगिता 19 से 20 सितम्बर तक अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) में आयोजित हुई। नवनीत ने प्रतियोगिता के कंपाउंड (पुरुष) वर्ग में अपनी सटीक निशानेबाजी और अद्भुत एकाग्रता का परिचय देते हुए रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया। जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह ने नवनीत देशवाल को उनकी इस उपलब्धि पर आशीर्वाद दिया और उनके अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज हमारे इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रतिभा दिखा रहे हैं, जो समाज और संस्थान के लिए गर्व का विषय है। संस्थान के निदेशक डॉ. नवनीत अहलावत, कॉलेज प्रशासन और विभागीय शिक्षकों ने भी नवनीत को इस सफलता पर बधाई दी।



#### सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता का दिया संदेश

**रोहतक।** श्रीएलएन हिन्दू कॉलेज की एनएसएस इकाई ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांधी जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता पर एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की, जबकि संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ. रजनी कुमारी और डॉ. प्रवीण शर्मा के दिशा-निर्देशन में हुआ। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. तनेजा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। डॉ. प्रोमिला ने पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान देते हुए स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के बीच गहरे संबंधों को स्पष्ट किया। स्वयंसेविका पलक और मुस्कान ने इको ब्रिक अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि स्वयंसेवक गगन और लावण्या ने डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

## संस्कृति ही वह आधार है जो व्यक्ति को चरित्रवान अनुशासित और संस्कारित बनाती : कुलश्रेष्ठ

- शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में मंगलवार को संकुल स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के पावन चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। वातावरण भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। जिसमें मूर्ति कला प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों ने मिट्टी और अन्य सामग्री से ऐसी मूर्तियां तैयार कीं जो न केवल उनकी कलात्मकता बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी दर्शाती थीं। महात्मा गांधी, मां दुर्गा और स्वतंत्रता सेनानियों की झलक उनकी रचनाओं में साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनिल कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला।



**रोहतक।** संकुल स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

#### संस्कृति ही शिक्षा की आत्मा

अनिल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि संस्कृति ही वह आधार है जो व्यक्ति को चरित्रवान, अनुशासित और संस्कारित बनाती है। विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार कहा कि संस्कृति ही शिक्षा की आत्मा है। यदि शिक्षा केवल अंकों और पुस्तकों तक सीमित हो जाए, तो उसका उद्देश्य अधूरा रह जाता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक, डॉ. दिनेश मदान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को उजागर करते हैं।

### प्रतिभा से किया प्रभावित

## डीएलसी सुपवा के छह दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में छात्रों और शिक्षकों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) में छह दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 को सोमवार को छात्र और शिक्षक वर्ग के रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ। छात्र वर्ग में वामसी नारायण दास ने अंश के खिलाफ पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर और प्रतीक त्यागी के साथ मिलकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीतकर कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया, जबकि अंश और दीपक उपविजेता रहे। महिला वर्ग में गुंजन ने मायरा को हराकर एकल वर्ग में जीत हासिल की और बाद में उनके साथ जोड़ी बनाकर स्नेहा और ज्योति के खिलाफ युगल वर्ग का फाइनल जीता। मिश्रित युगल में नवनीत और गुंजन ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि वामसी नारायण दास और ज्योति ने दूसरा स्थान हासिल किया।




#### यह बोले कुलपति

कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा डीएलसी सुपवा में हम मानते हैं कि खेल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि शैक्षणिक योग्यता, जो एक अच्छे व्यक्तित्व को आकार देती है। टूर्नामेंट नेन केवल हमारे छात्रों और शिक्षकों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया।



#### भागीरथी गर्ल्स हॉस्टल में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भागीरथी गर्ल्स हॉस्टल में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भजन-कीर्तन और नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। नेहा, रीना, पलक, सरिता, निशा, अंजलि, कुसुम, भावना, प्रियंका और इशू सहित कई छात्राओं ने सुंदर भजन और नृत्य प्रस्तुत किए। मुस्कान, अंजू और सोनम ने आकर्षक रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अनोखी रंगोली की सभी ने जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो. सपना गर्ग और डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. प्रतिमा रंगा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को घर से दूर भी अपनापन और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराते हैं। आयोजन की मुख्य संयोजिका वार्डन राजबाला सांगवान और सहयोगी सुपरवाइजर सुनीता ने छात्राओं के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रो. सपना गर्ग और डॉ. प्रतिमा रंगा ने इस नई पहल के लिए वार्डन राजबाला सांगवान और उनके स्टाफ को बधाई दी। भजन-कीर्तन के बाद छात्राओं ने डांडिया नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसने पूरे माहौल को और जीवंत बना दिया। सभी छात्राओं ने इस सांस्कृतिक संध्या का भरपूर आनंद लिया।



#### द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल विद्यालय के प्रांगण में 27 सितंबर को कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच अंतर-हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउसेस सारागढ़ी हाउस, डोगराई हाउस, कारगिल हाउस और हल्दीघाटी हाउस की टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने मैच के दौरान शानदार कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मैदान पर जहां एक ओर चारों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, वहीं दूसरी ओर दर्शक विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल का पूरा आनंद उठाया। कड़े मुकाबलों के बाद हल्दीघाटी हाउस विजेता और डोगराई हाउस उपविजेता घोषित हुआ। विजेता टीम को विद्यालय के प्राचार्य आरके खन्ना ने पुरस्कार प्रदान किए।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- MRI Technician 2
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



#### श्री दुर्गा मां के पाठ व श्रीराम कथा का समापन

**रोहतक।** नवरात्रि के पावन अवसर पर कुमाऊं सभा रोहतक द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्री दुर्गा मां का पाठ और श्रीराम कथा का समापन कुमाऊं सभा सामुदायिक भवन, एकता कॉलोनी में भव्य भंडारे के साथ हुआ। गौरतलब है कि कुमाऊं सभा रोहतक प्रत्येक वर्ष नवरात्रि पर भागवत कथा या रामकथा का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष का आयोजन 22 सितंबर को सुबह कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिदिन कथा के साथ सुंदर झांकियों का भी आयोजन किया गया, जिन्हें श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ देखा।



#### एमडीएन पब्लिक स्कूल में नवरात्रि डांडिया नाइट की धूम

**रोहतक।** नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर एमडीएन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रंगारंग डांडिया नाइट" का भव्य आयोजन सायंकालीन बेला में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। विद्यालय का पूरा वातावरण संगीत, नृत्य और उल्लास से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक रेनु नरवाल और प्रधानाचार्या मिस मीनू टहल्यानी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं दुर्गा आरती के पावन स्वर से हुआ। इसके बाद गरबा और डांडिया की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। शाम के इस सांस्कृतिक आयोजन में लाइव डीजे संगीत, स्वादिष्ट व्यंजन, डांडिया नृत्य, रैम्प वॉक और विविध मनोरंजक गतिविधियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। परंपरागत परिधानों में सुसज्जित प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पुरस्कार वितरण के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या मिस मीनू टहल्यानी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करते हैं।

#### रितिका ने तलवारबाजी में पाया प्रथम स्थान

**रोहतक।** पानीपत के आर्यन पीजी कॉलेज में हुए सीनियर हरियाणा खेलों महाकुंभ में रोहतक की खिलाड़ी रितिका सुपुत्री नसीब, गाव-बहू अकबरपुर ने तलवारबाजी के (ईपी) इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेटी ने अपने गांव बहू अकबरपुर का नाम रोशन किया। इसके लिए रितिका के कोच सुरेंद मेहला और राजकुमार ने मेहनत करवाई। रितिका आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल की छ छात्रा है।





#### दुर्गाष्टमी पर गायों के लिए चारे की व्यवस्था की

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने दुर्गाष्टमी के अवसर पर सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। विभाग की टीम ने दिल्ली बाईपास स्थित लावारिस पीड़ित पशु सेवा संघ पहुंचकर गायों की सेवा के लिए चारा, गुड़, अनाज और दवाएं भेंट कीं। इस पुनीत कार्य के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर 12,000 रुपये की राशि जुटाई, जिससे उनकी सेवा भावना और सहयोगात्मक सोच झलकती है। विभागाध्यक्ष डॉ. ममता ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी ऐसे कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रो. राजेंद्र शर्मा, डॉ निशा मोहन समेत विभाग के सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



#### गौकर्ण तीर्थ में दुर्गा अष्टमी पर भव्य आयोजन

**रोहतक।** नवरात्र के पावन अवसर पर गौकर्ण तीर्थ स्थित बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज के डेरा परिसर में दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। सोमवार दोपहर 12 बजे महामंडलेश्वर गौकर्ण पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कपिलपुरी महाराज के सान्निध्य में कंजक पूजन हुआ, जिसमें एक हजार एक कन्याओं को भोजन एवं प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शाम 4 बजे से सवा छह बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और साढ़े छह बजे पूर्णाहुति दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।रात्रि 9:30 बजे से माता का भव्य जागरण आयोजित हुआ, जिसमें दिल्ली से आई भजन मंडली ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। माता के जयकारों से पूरा डेरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने माता से परिवार की सुख-समृद्धि व मंगलकामना की।

# संत राजिंदर सिंह महाराज की रोहतक यात्रा ने हजारों को रूहानियत की ओर प्रेरित किया

कार्यक्रम का शुभारंभ माता रीटा ने गुरु अर्जन देव महाराज की वाणी दर्शन मांगू देह प्यारे के गायन से किया

**इंसान माया और सांसारिक उलझनों में फंसकर अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह महाराज की ग्यारहवीं यात्रा ने मंगलवार को रोहतक की नई अनाज मंडी में हजारों श्रद्धालुओं को रूहानियत की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता रीटा द्वारा गुरु अर्जन देव महाराज की वाणी दर्शन मांगू देह प्यारे के गायन से हुआ, जिसने वातावरण को भक्ति और भावविभोरता से भर दिया। संत राजिन्दर सिंह महाराज ने अपने प्रवचन में समझाया कि इंसान माया और सांसारिक उलझनों में फंसकर अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है।





### श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

कार्यक्रम के दौरान मिशन की रोहतक शाखा की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त वस्त्र वितरण शिविर भी लगाया गया, जिसमें जरूरतमंदों को कपड़े, किताबें और जूते भेंट किए गए। संत राजिन्दर सिंह महाराज की रोहतक में ग्यारहवीं पधारना थी।

### ध्यान-अभ्यास व मानव-एकता का संदेश फैलाने के लिए सराह

वे इससे पूर्व 1990, 1992, 1993, 1994, 1997, 2000, 2004, 2012, 2014 और 2018 में भी रोहतक आ चुके हैं। संत राजिन्दर सिंह महाराज को विश्वभर में ध्यान-अभ्यास और मानव-एकता का संदेश फैलाने के लिए सराहा गया है। उनकी रचनाएं और सत्संग लाखों लोगों को शांति, प्रेम और भाईचारे की राह दिखा रहे हैं। सावन कृपाल रूहानी मिशन के आज 3400 से अधिक केंद्र विश्वभर में सक्रिय हैं, जिनका मुख्यालय दिल्ली और अंतरराष्ट्रीय केंद्र शिकागो (अमेरिका) में स्थित है।

### सैकड़ों श्रद्धालुओं को नामदान प्रदान की

*महाराज ने कहा कि जब शिष्य गुरु के चरणों में पहुंचता है और नामदान प्राप्त कर ध्यान-अभ्यास करता है तो आत्मा प्रभु के प्रेम और प्रकाश से जुड़ जाती है। यही आध्यात्मिक जागृति उसे क्षणभंगुर संसार से हटाकर भीतर की शांति और आनंद की ओर ले जाती है। उन्होंने गुरु अर्जन देव महाराज के शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि आत्मा युगों-युगों से परमेश्वर से मिलने की तीव्र इच्छा रखती है और ध्यान-अभ्यास के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव कर सकता है। यही यात्रा आत्मा के परम उद्देश्य-अपने को जानने और परमात्मा को पाने-को पूरा करती है। सत्संग के उपरांत संत महाराज ने सैकड़ों श्रद्धालुओं को नामदान (आध्यात्मिक दीक्षा) प्रदान की।*

## खबर संक्षेप



### अब रोडवेज की बसें महम बस स्टैंड होकर निकलेगी

**रोहतक।** राज्य परिवहन की बसों के महम बाईपास से जाने की वजह से नागरिकों को हो रही असुविधा पर जिला प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विभाग के सभी कर्मचारियों को महम बस स्टैंड होकर बसों को निकालने के निर्देश दिए गए है। जिला प्रशासन को नागरिकों से इस संदर्भ में शिकायतें प्राप्त हो रही थी। परिवहन महाप्रंधक विपिन कुमार ने मंगलवार को महम का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने महम में कार्यरत कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए गए कि परिवहन की सभी बसों को महम बस स्टैंड होकर ही निकाला जाए और इसके लिए शिफ्ट अनुसार 2 चेकिंग दस्तों को भी तैनात किया गया है।



### एमडीयू में दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**रोहतक।** मदवि में आज दो कर्मचारी डॉ. हरजिंदर सिंह नारंग (डिप्टी रजिस्ट्रार) और जितेंद्र (क्लर्क) के सेवानिवृत्त होने पर कुलपति कार्यालय में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।
कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सेवानिवृत कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और उनके कार्यकाल की सराहना की।
सेवानिवृत कर्मियों ने अपना अनुभव साझा किया और विवि प्रशासन का आभार जताया। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, जेनेटिक्स विभाग अध्यक्ष प्रो. संतोष तिवारी, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट और कुलपति के पीए खैराती लाल ने भी दोनों सेवानिवृत्त सदस्यों के योगदान को सराहा।

## आज स्केटिंग, बेसबॉल और हॉकी के फाइनल मुकाबले होंगे

# 58वीं हरियाणा राज्यस्तरीय खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

सभी खिलाड़ियों को चिकित्सा सुविधा ठहराव और परिवहन की उचित व्यवस्था उपलब्ध कराई

*▶▶ प्रतियोगिताएं जाट स्कूल बेसबॉल ग्राउंड, जेड ग्लोबल स्कूल, राजीव गांधी खेल परिसर, सैनी स्कूल और बोहर हॉकी स्टेडियम सहित विभिन्न स्थलों पर आयोजित की जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्केटिंग, बेसबॉल एवं हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 में खिलाड़ियों का जोश चरम पर है। 29 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक चल रही इस प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिताएं जाट स्कूल बेसबॉल ग्राउंड, जेड ग्लोबल स्कूल, राजीव गांधी खेल परिसर, सैनी स्कूल और बोहर हॉकी स्टेडियम सहित विभिन्न स्थलों पर आयोजित की जा रही हैं। संचालन जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मालिक और नोडल अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा के कुशल निर्देशन में हो रहा है। सभी खिलाड़ियों को चिकित्सा सुविधा, ठहराव और परिवहन की उचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। आज स्केटिंग, बेसबॉल और हॉकी के फाइनल मुकाबले होंगे, जो प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रहेंगे।



### हॉकी प्रतियोगिता

राजीव गांधी खेल परिसर और अन्य मैदानों पर हुए हॉकी मुकाबलों में अंडर–14 वर्ग में सोनीपत और भिवानी ने फाइनल में जगह बनाई। अंडर–17 में क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न हुए और सेमीफाइनल कल खेले जाएंगे। अंडर–19 वर्ग में रोहतक, सोनीपत, कैथल और सिरसा ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की।



### जेड ग्लोबल स्कूल में स्केटिंग के मुकाबले हुए

जेड ग्लोबल स्कूल में स्केटिंग के मुकाबले हुए, जिनमें अंडर–14 लड़कों की इनलाइन लैप रोड रेस में हिसार के द्विवेज प्रथम और लड़कियों में गुरुग्राम की हिना ने बाजी मारी। अंडर–19 वर्ग में जींद के जसदेव सिंह और जींद की तमन्ना ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं सोनीपत, अंबाला और गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। जाट स्कूल बेसबॉल ग्राउंड में अंडर–14 वर्ग में कैथल, पानीपत और झज्जर ने दमदार जीत दर्ज की। अंडर–17 में हिसार, रोहतक और झज्जर विजयी रहे। अंडर–19 वर्ग में रोहतक ने जींद और पंचकूला को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि गुरुग्राम और पानीपत ने भी जीत हासिल की।



### किशोर शिक्षा कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मदीना में किशोर शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के 137 प्रधानाचार्य और 302 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को किशोरों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास की समझ प्रदान करना और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए सक्षम बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने की, जबकि विंग इंचार्ज डॉ. रोमी कुमार ने नोडल अधिकारी के रूप में समन्वय किया। आयोजन व्यवस्था में सुरेंद्र मोर, डॉ. मंजीत दांगी, डॉ. सुमन लता और इला की समिति ने भोजन, प्रशिक्षण सामग्री और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभाई, जिसकी प्रतिभागियों ने विशेष सराहना की। प्रशिक्षण की शुरुआत डॉ. मंजीत दांगी, कुलवीर दांगी और डॉ. सुमन लता द्वारा प्रार्थना सत्र से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों का प्री-टेस्ट आयोजित किया गया, जिससे उनके ज्ञान और दृष्टिकोण का आकलन हुआ। कार्यशाला में एचआईवी विषय पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। डॉ. मंजीत दांगी और डॉ. सुमन लता ने किशोर शिक्षा कार्यक्रम की आवश्यकता और इसमें शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मनोज कुमार सांगवान ने कहा कि किशोर शिक्षा कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक बनाने और सही दिशा देने में सहायक होगा।



### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर हाल में में सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका रहे जबकि कार्यक्रम का आयोजन मदवि गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल मल्होत्रा व प्रो कुलताज सिंह ने किया। भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ)रोहतक डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना काल से भारत को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान आरंभ किया था जो लगातार जारी है। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर सिंह ढाका ने कहा कि विश्वविद्यालय के लोगों द्वारा प्रधानमंत्री की बात पर अमल करते हुए त्योहारों पर तथा उसके बाद भी भारत मे बने उत्पाद खरीदने की शपथ एक सराहनीय कदम है। इस दौरान भाजपा नेता राजकमल सहगल, पार्षद रमेश बोहर, पार्षद अशोक खुराना ,कार्यालय सचिव बीर सिंह हुड्डा, महामंत्री नितिन जैन, अंकित शर्मा एडवोकेट, छात्र नेता मन्नु कुंडु उपस्थित रहे।



### सेवा पखवाड़ा के तहत किया पौधरोपण

**रोहतक।** वन विभाग की तरफ से राजकीय उच्च विद्यालय में मातो महम में सेवा पखवाड़ा के तहत पौधारोपण किया गया। बच्चों को पौधे बांटे गए। मौके पर स्कूल की हेड मास्टर जसवंत सिंह, राजेंद्र व बच्चे मौजूद रहे। वन विभाग से देवेंद्र, प्रवीन, सुखविंदर व पीतांबर वन दरोगा उपस्थित रहे। वन विभाग से सुखविंदर सिंह ने बताया कि पौधरोपण बहुत जरूरी है।

### स्टेट लेवल बास्केटबॉल टीम में गोयनका के छात्रों का जलवा

**रोहतक।** जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की सीनियर बास्केटबॉल टीम ने भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न स्कूलों की टीमें शामिल हुईं। अंडर-19 कैटेगरी में आरपीएस महेंद्रगढ़ के खिलाफ खेले गए मुकाबले में टीम ने यह उपलब्धि अपने नाम की। टीम के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों प्रतीक लाठर, लक्ष्य राणा और आदित्य चौधर का चयन हरियाणा स्टेट लेवल टीम के लिए हुआ है। इन तीनों खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल कौशल और टीमवर्क का परिचय दिया। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना एवं साम्या मायना ने इस उपलब्धि को छात्रों की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताते हुए टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने टीम और चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और भविष्य में भी ऐसे ही अनुकरणीय प्रदर्शन की अपेक्षा है। सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस उपलब्धि में टीम के कोच पंकज की अहम भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन और जोश के साथ बेहतर प्रदर्शन किया।





### डीसी से मिला एमडीयू शोधार्थी प्रतिनिधिमंडल

- नीट परीक्षा जांच की मांग
- धांधली के प्रमाण सौंपे

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी आईएचटीएम विभाग में हुई नीट परीक्षा में धांधली की जांच लेकर मंगलवार को यूनिवर्सिटी शोधार्थी प्रतिनिधिमंडल डीसी और एसपी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त सचिन गुप्ता व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनीया से मुलाकात करके धांधली के प्रमाण सौंपे। प्रदीप देशवाल ने डीसी को बताया कि नौ साल बाद बड़ी मुश्किल से रोहतक जिले में नीट की परीक्षा करवाने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय समेत दूसरे शिक्षण संस्थानों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। गत 4 मई को एमडीयू के आईएचटीएम परीक्षा केंद्र में एग्जाम की शुचिता पर प्रश्न चिह्न लगे हैं। यहां एक बाहरी व्यक्ति ने परीक्षा ड्यूटी दी। कारण था कि इनकी नजदीकी रिश्तेदार नीट की परीक्षा दे रही थी। देशवाल ने कहा कि मामले की जांच शुरू करवाई जाए। अन्यथा 3 अक्टूबर को रोहतक आगमन पर देश के गृह मंत्री अमित शाह को पूरे प्रकरण से अवगत कराया जाएगा। अधिकारियों ने छात्रों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सौंपी हरियाणा नेतृत्व की कमानः मंजीत कन्हेली



**रोहतक।** इनेलो युवा विंग के वरिष्ठ नेता मंजीत कन्हेली ने हरियाणा में कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबूती देने के लिए पूर्व सीएम हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष व राव नरेंद्र सिंह को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर प्रतिक्रिया दी और कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को हरियाणा नेतृत्व की कमान सौंपी है, क्योकि कांग्रेस के दोनों नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे है और यह जगजाहिर भी है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में जिस तरह से लोग कांग्रेस व भाजपा छोड़कर इनेलो में शामिल हो रहे है, उससे साफ है कि 2029 में प्रदेश में इनेलो की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## मधुमेह जांच शिविर में बोले कुलपति

# बिना जांच मधुमेह बन सकता है साइलेंट किलर

**कुलपति ने पोस्टरों का अवलोकन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में मंगलवार को ओपीडी के अंदर संस्थान में मनाए जा रहे स्वच्छ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़े में मेडिसिन विभाग द्वारा एक मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉक्टर एच के अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉक्टर रूप सिंह उपस्थित हुए। कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने मेडिसिन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया। मधुमेह एक गंभीर बीमारी है जिसका समय पर पता लगाकर नियंत्रण किया जा सकता है।



### समय पर जांच करवाना बहुत जरूरी

कुलसचिव डॉक्टर रूप सिंह ने बताया कि ने कहा कि मधुमेह के लक्षणों को पहचानना और समय पर जांच करवाना बहुत जरूरी है। मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर ने बताया कि इस कैंप में करीब 200 लोगों की मधुमेह की जांच की गई। कुलगुरु डॉ एच के अग्रवाल, कुल सचिव डॉ रूप सिंह, मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ सुधीर और विभाग के अन्य चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शुगर (मधुमेह) के लक्षण

*मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर में रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) का स्तर बढ़ जाता है। इसके लक्षण अलग-अलग लोगों में भिन्न हो सकते हैं, लेकिन कुछ आम लक्षण हैं:-*

- *अधिक प्यास और पेशाबः* मधुमेह के कारण शरीर में अधिक शुगर होने से व्यक्ति को अधिक प्यास लगती है और बार-बार पेशाब आता है।
- *वजन कम होनाः* बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना मधुमेह का एक लक्षण हो सकता है।
- *थकान और कमजोरीः* उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण व्यक्ति थका हुआ और कमजोर महसूस कर सकता है।
- *धुंधली दृष्टिः* उच्च शुगर स्तर आंखों की दृष्टि को प्रभावित कर सकता है।
- *धीमी घाव भरनाः* मधुमेह वाले लोगों में घाव धीरे-धीरे भरते हैं।
- *त्वचा संबंधी समस्याएंः* मधुमेह से त्वचा पर संक्रमण और अन्य समस्याएं हो सकती हैं।
- *हाथों और पैरों में झुनझुनी या सुन्नताः* नसों पर प्रभाव के कारण यह लक्षण दिखाई दे सकता है।

### शुगर (मधुमेह) से बचाव के उपाय

*मधुमेह को नियंत्रित करने और इसके जोखिम को कम करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय हैं:-*

- *स्वस्थ आहारः* संतुलित आहार लें जिसमें फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ, साबुत अनाज, फल और सब्जियां शामिल हों। चीनी और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट्स का सेवन कम करें।
- *नियमित व्यायामः* शारीरिक गतिविधि रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद करती है। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाला व्यायाम करें।
- *वजन प्रबंधनः* स्वस्थ वजन बनाए रखना मधुमेह के जोखिम को कम करता है।
- *धूम्रपान और शराब से बचेंः* धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन मधुमेह के जोखिम को बढ़ा सकता है।
- *नियमित स्वास्थ्य जांचः* विशेष रूप से अगर आपके परिवार में मधुमेह का इतिहास है, तो नियमित जांच करवाएं।
- *तनाव प्रबंधनः* तनाव रक्त शर्करा स्तर को प्रभावित कर सकता है। योग, ध्यान जैसे तरीके अपनाएं।
- *पर्याप्त नींदः* अच्छी नींद लेना समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।
- *परिवार का इतिहास और जोखिम कारकः* अगर आपके परिवार में मधुमेह है, तो अतिरिक्त सावधानी बरतें और डॉक्टर की सलाह लें।
- *नियमित ब्लड शुगर जांचः* मधुमेह के लक्षण दिखने पर या जोखिम होने पर रक्त शर्करा की जांच करवाएं।